दिन–सोमवार दिनांक– 13/10/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इसके साथ ही बीस जिलों की एक सौ बाईस विधानसभा सीटों के लिए भी नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। उम्मीदवार बीस अक्तूबर तक नामांकन पत्र भर सकते है। इक्कीस अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। वहीं, नाम वापसी की अंतिम तिथि तेईस अक्तूबर निर्धारित है। दूसरे चरण के लिए मतदान ग्यारह नवम्बर को होगा।

———————————————————————

भाजपा आज विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करेगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि उम्मीदवारों की सूची को अंतिम स्वीकृति दे दी गई है और नामों की घोषणा आज शाम कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन सहयोगियों के साथ सीटों के बंटवारे पर फैसला सौहार्दपूर्ण माहौल में लिया गया। जनता दल यूनाइटेड सहित एनडीए के अन्य सहयोगी भी आज उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर सकते हैं। इस बीच, महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर बैठकें अब भी चल रही हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने के कहा है कि सीट बंटवारे पर फैसले को अंतिम रूप दे दिया गया है और औपचारिक घोषणा जल्द ही की जाएगी। राष्ट्रीय जनता दल के नेता और राज्यसभा सांसद संजय यादव ने भी कहा है कि टिकट बंटवारे को लेकर गतिरोध हल कर लिया गया है। इधर, जन सुराज पार्टी भी आज उम्मीदवारों के नामों की दूसरी सूची जारी कर सकती है। पार्टी इक्यावन उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर चुकी है।

———————————————————————

ओम प्रकाश राजभर के नेतृत्व वाली सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने एनडीए से अलग होकर बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। श्री राजभर ने बताया कि उनकी पार्टी ने पहले चरण के चुनाव के लिए बावन प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि एनडीए अभी भी उनकी पार्टी को चार से पाँच सीट देती है तो वह अपने फैसले को वापस ले लेंगे

---

पटना के कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक अरूण कुमार सिन्हा ने कहा है कि वे इसबार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिन्हा ने कहा कि वे संगठन के लिए काम करते रहेंगे।

---

जदयू के नेता और पूर्व मंत्री जय सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी में जमीनी कार्यकर्ताओं और नेताओं की उपेक्षा का आरोप लगाया।

---

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन प्रखंड के वसंतपुर गांव में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पांच सौ से अधिक जीविका दीदियां शामिल हुईं।

---

लखीसराय जिले में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक किया।

---

वैशाली की जिलाधिकारी वर्षा सिंह और पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर लालगंज और वैशाली में फ्लैग मार्च निकाला गया।

———————————————————————

दिल्ली की राउज़ एवेन्यू अदालत ने आईआरसीटीसी होटल भ्रष्टाचार मामले में राजद अध्यक्ष और तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य लोगों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। भ्रष्टाचार निरोधी अदालत के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने यह आदेश पारित किया। अदालत ने तीनों के खिलाफ भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी के आरोप तय किए हैं। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि लालू प्रसाद और उनके परिवार ने दो हजार चार से दो हजार नौ के बीच लालू प्रसाद के रेल मंत्री के कार्यकाल के दौरान एक निजी फर्म को ठेके देने के लिए रिश्वत के रूप में बेशकीमती जमीन स्वीकार की थी। इस बीच लालू प्रसाद ने जाँच पर सवाल उठाए हैं और कहा है कि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है। उन्होंने पूरे मामले को राजनीति से प्रेरित बताया है।

———————————————————————

समाप्त